राजकीय ई–मेल

# कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख), राजस्थान, जयपुर

क्रमांक : एफ 15 (7)2023/कार्मिक–स्ट्रेन्थ/प्रमुवसं–08182/ दिनांक :

निमित्त,

समस्त वनाधिकारीगण।

विषय :– लोक सेवकों के स्थानान्तरण/पदस्थापन बाबत।

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयान्तर्गत इस कार्यालय के संज्ञान में आया है कि अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा लोक सेवकों का स्थानान्तरण/पदस्थापन/प्रतिनियुक्ति/कार्यव्यवस्थार्थ अपने स्तर से कर दिये जाते है। उक्त कार्यवाही की इस कार्यालय को कोई भी जानकारी नहीं होने के फलस्वरूप इस कार्यालय द्वारा लिए जाने वाले प्रशासनिक निर्णयों में विसंगति उत्पन्न होने के साथ–साथ राजकीय कार्य अनावश्यक रुप से विलम्बित/बाधित होते है।

अतः समस्त वनाधिकारियो को निर्देशित किया जाता है कि कोई भी कार्यालय अपने स्तर पर लोक सेवकों के स्थानान्तरण/पदस्थापन/प्रतिनियुक्ति/कार्य व्यवस्थार्थ आदेश प्रसारित नहीं करें। अत्यन्त आवश्यक/अरिपहार्य परिस्थितयों के मध्यनजर किसी लोक सेवक का स्थानान्तरण/पदस्थापन/प्रतिनियुक्ति/कार्य व्यवस्थार्थ का आदेश प्रसारित करने से पूर्व इस कार्यालय से अनुमति/अनुमोदन लेना सुनिश्चित करें।

उक्त निर्देशों की अपरिहार्य रुप से पालना सुनिश्चित की जावे।

भवदीय,

(अरिजीत बनर्जी)
प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख)
राजस्थान, जयपुर

क्रमांक : एफ 15 (7)2023/कार्मिक–स्ट्रेन्थ/प्रमुवसं–08182/ दिनांक

प्रतिलिपी उप वन संरक्षक सूचना एवं प्रौद्योगिकी कार्यालय हाजा को विभागीय वेब साईट पर प्रकाशन हेतु।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख)
राजस्थान, जयपुर

RajKaj Ref
8368620

**कार्यालय का पता- कमरा नं. ए-402 अरण्य भवन, झालाना संस्थानिक क्षेत्र, जयपुर-302004**
**फोन नं. 0141-2713810 Email id** dcfnz.estt.forest@rajasthan.gov.in
**वेब साईट www.forest.rajasthan.gov.in**

Signature Not Verified
Digitally Signed by ARIJIT BANERJEE
Designation : Principal Chief Conservator Of Forest
Date :26-06-2024 05:35:56